| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Nai Dunia | Indore | 08.04.2023 | 03 | अगले माह तय होगा कौन बनाएगा मेट्रो का दूसरा चरण | Positive |



# अगले माह तय होगा कौन बनाएगा मेट्रो का दूसरा चरण

- वर्तमान में काम कर रहीं दोनों कंपनियों के बीच ही होड़
- दूसरे चरण के लिए 495 करोड़ रुपये का टेंडर हाल ही में जारी

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** रोबोट चौराहे से लेकर पलासिया तक के पांच किलोमीटर के हिस्से के मेट्रो रेल के दूसरे चरण के लिए हाल ही में 495 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। इसके लिए टेंडर बुलाए गए हैं। अगले महीने 16 मई के बाद टेंडर खुलेंगे। जानकारों का मानना है कि इस हिस्से का काम भी वर्तमान में काम कर रही रेल विकास निगम लिमिटेड या दिलीप बिल्डकान ही ले सकती है।

मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने बताया कि यह ओपन टेंडर काल किया गया है। इसमें कोई भी कंपनी हिस्सा ले सकती है। आमतौर पर दूसरे शहरों में पहले से निर्माण कर रही कंपनी ही दूसरे चरण का काम करती है। इसलिए संभावना है कि रेल विकास निगम लिमिटेड या दिलीप बिल्डकान यह काम पूरा करे। हालांकि देश की दूसरी बड़ी कन्स्ट्रक्शन कंपनियां भी इंदौर मेट्रो के काम में रुचि दिखा सकती हैं। सूत्रों का कहना है कि रेल विकास निगम लिमिटेड ने पटरी के काम के लिए भी बोली लगाई थी, लेकिन यह ठेका कोलकाता की कंपनी को मिला था। दूसरे चरण के लिए भी रेल विकास निगम लिमिटेड बोली लगाएगी।

मार्च माह के अंत में मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के लिए 495 करोड़ रुपये के टेंडर जारी कर दिए थे। इसमें रोबोट चौराहे से लेकर पलासिया तक के करीब पांच किलोमीटर हिस्से का काम किया जाएगा। यहां मेट्रो प्रोजेक्ट का स्वरूप एलिवेटेड ही रहेगा। इतना ही नहीं, इसमें काम करने लिए 1092 दिन यानी 3 साल का समय दिया गया है। मई के बाद से काम शुरू होगा जो तीन साल में पूरा होगा।

**METRO NEWS**
**10th April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | Free Press | Indore | 10.04.2023 | 2 | Work of auxiliary sub-station at Gandhi Nagar depot completed : Metro officials | Positive |



# Work of auxiliary sub-station at Gandhi Nagar depot completed: Metro officials


OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in




The construction of the auxiliary sub-station-1 at Gandhi Nagar depot has been completed said Metro officials, and added that the work of laying track between the depot towards MR-10 is also going on at brisk pace.

There will be at least 10 auxiliary sub-stations with transformers having primary voltage of 11kV and above.

The officials of Metro rail said, "the Indore Metro Rail project is gaining momentum. The track laying work between Gandhi Nagar Metro Depot and MR 10 has started. We're now one step closer to the safe and seamless Metro journey."

Officials added that as the deadline is approaching, the number of workers has been increased at Indore Metro.

The work of Indore Metro at other parts of the corridor is also running in good pace and the corridor slabs aligning work is almost about to get completed. Also, the depot work and other works are also going on in good pace, said officials.

Metro officials said that apart from the existing work the work of second phase is also in a pipeline to get started.

Officials added that there will be five stations on the 6.3 km route between Robot Square and Palasia Square. "We have planned to start work on phase-2 of Metro soon. The tender has been floated and they would be scrutinised after the last date. We already have a few bidders. The process would take around one and half months and by mid-May or by the beginning of June the work of Metro Phase-2 will get started," officials added.

Officials said that because the work has to be done along the busy parts of the city - Robot Square, Khajrana Square, Bengali Square, Saket and Palasia Square - the work will be executed speedily. The work will be done in parts to cause minimum inconvenience to the people. The cost of the project (second phase) would be around Rs 495 crores and will be completed in three years.

The Metro stations which would lie on this route will be Mumtaj Bagh Colony Station, Khajrana Square Station, Bengali Square Station, Patrakar Colony Station, and Palasia Square Station.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | Dainik Patrika | Indore | 11 .04.2023 | 04 | पहचानिए.. आपके शहर मे कहाँ की तस्वीर है? | Neutral |



पत्रिका

INDOREPRIME

# इंदौर प्राइम

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice

पत्रिका. इंदौर, मंगलवार, 11 अप्रेल 2023
इन आइकन से जुड़ी सामग्री पत्रिका इंदौर वॉइस फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, अपनी खबरें भी भेजें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन
खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
इंदौर की खबरें patrika.com/indore-news/ पर भी देखें

# पहचानिए... आपके शहर में कहां की तस्वीर है?

**आपने पहचान कर ली होगी, ऐसे दें सबसे पहले जवाब...**

*कल इसी जगह देखें सही जवाब और विजेताओं के नाम व फोटो

1. **क्यूआर कोड** को स्कैन कर पत्रिका इंदौर **वाइस फेसबुक** पर जवाब लिखें। नाम और कॉन्टेक्ट नंबर भी लिखें।
2. पहले सही जवाब देने वाले *पांच चयनितों की तस्वीर प्रकाशित होगी। डिजिटल सर्टिफिकेट व उपहार।
3. आपके पास यदि इस जगह का वीडियो या तस्वीरें हैं तो विचारों के साथ फेसबुक ग्रुप पर शेयर कर सकते हैं।

फोटो... **राजेश डोंगरे**

Date: 11/04/2023, Edition: Indore City, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| .No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | नई दुनिया | इंदौर सिटी | 12.04.2023 | 1 | इसी माह के अंत तक देख सकेंगे अपनी मेट्रो | Neutral |

इंदौर, बुधवार 12 अप्रैल 2023

नईदुनिया सिटी

इंदौर

Pg-I

राउडी राठौर की सीक्वल में नहीं होंगे अक्षय || www.naidunia.com

# इसी माह के अंत में देख सकेंगे अपनी मेट्रो

## सार्वजनिक स्थान पर लगाया जाएगा मोकअप कोच, जिसमें चढ़कर समझ सकेंगे कैसी होगी अपनी मेट्रो

**पटरियों पर दौड़ने से पहले ही मेट्रो का फील ले सकेंगे इंदौरी**

**जब वास्तव में मेट्रो चलेगी, तब शहरवासियों को नहीं आएगी दिक्कत**

नवीन यादव

शहर की लाइफलाइन बनने जा रही अपनी मेट्रो ट्रेन को निहारने तथा उसके डिब्बे में बैठने के लिए शहरवासियों को अब और ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। दरअसल, गुजरात स्थित बड़ोदरा के जिस संयंत्र में हमारी मेट्रो के डिब्बे बन रहे हैं, वहां से एक डमी कोच इस माह के अंत तक इंदौर आ जाएगा। इस कोच को तकनीकी भाषा में मोकअप कोच कहा जाता है। इसे शहर में किसी सार्वजनिक स्थान पर लगाया जाएगा, जहां शहरवासी इस कोच को देखकर, अंदर बैठकर फील ले सकेंगे कि अपनी मेट्रो कैसी होगी। मोकअप कोच को शहर में लगाने के पीछे एक सोच यह भी है कि लोग जब इस कोच के सिस्टम को अच्छी तरह जान जाएंगे, तो जब वास्तव में ट्रैक पर मेट्रो चलेगी, तो लोगों को उसका उपयोग करने में परेशानी नहीं झेलनी होगी।



इंदौर में दौड़ेगी इस तरह की मेट्रो ट्रेन। इंदौरियों को अनुभव करवाने के लिए शहर में सार्वजनिक स्थल पर लगाया जाएगा ऐसा कोच। सौ. मेट्रो ट्रेन कार्पोरेशन

### इंदौर, भोपाल के लिए 156 कोच भेजेगी कंपनी

मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि मार्च माह में ही वड़ोदरा में एल्सटाम कंपनी ने कोच का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह कंपनी भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए तीन कोच की 52 ट्रेन यानी 156 कोच की आपूर्ति करेगी। इंदौर के लिए तीन कोच की 25 ट्रेनें व भोपाल मेट्रो के लिए तीन कोच की 27 ट्रेनें आएंगी। कोच की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। यह ट्रेन 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। 15 साल तक ट्रेन का मेंटेनेंस भी कंपनी करेगी। साथ ही अनुबंध में रोलिंग स्टाफ, सिग्नलिंग और दूरसंचार की आपूर्ति व स्थापना के लिए संयुक्त अनुबंध किया गया है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने दोनों शहरों के नागरिकों को मेट्रो ट्रेन से पहले से परिचित कराने के लिए मोकअप कोच की आपूर्ति करने के निर्देश दिए थे। यह अप्रैल माह के अंत तक मिलने की उम्मीद है।

### यह होगा कोच में

अधिकारियों ने बताया कि मोकअप कोच में असली कोच की तरह कुर्सियां, हैंडल, स्क्रीन डिस्प्ले आदि सुविधाएं होंगी। इसका फर्श, रंग, आकार एकदम असली कोच जैसा ही होगा।

### जानें, क्या होता है मोकअप कोच

मोकअप कोच दरअसल हूबहू असली कोच की तरह ही बने हुए कोच होते हैं। सरल भाषा में इन्हें डमी कोच भी कह सकते हैं। जानकारों का कहना है कि कई शहरों में जहां मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट चल रहे थे, वहां इस तरह से मोकअप कोच लगाने की शुरुआत की गई थी। इन्हें शहर में सार्वजनिक स्थल पर थोड़ी ऊंचाई पर एक प्लेटफार्म बनाकर स्थापित किया जाता है। लोग इसमें सवार होकर इसे देख सकते हैं व इसका पूरा सिस्टम समझ सकते हैं। एक तरह से यह शहर में मेट्रो पहली बार चलाने के पहले लोगों को उसमें बैठने का अभ्यास करने के उद्देश्य से लगाए जाते हैं।



अंदर से कुछ ऐसे होंगे इंदौर मेट्रो के कोच। ● प्रतीकात्मक फोटो

### इधर...ट्रायल रन को लेकर काउंटडाउन शुरू

इंदौर और भोपाल, दोनों शहरों में इस साल सितंबर में ट्रायल रन किया जाना है। इंदौर में सुपर कारिडोर के 5.9 किलोमीटर के हिस्से में यह ट्रायल रन होना है। इसके लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि भले ही हमने समय सीमा सितंबर तय की है, लेकिन हम इसे अगस्त मानकर चल रहे हैं। इसी के अनुसार तैयारी कर रहे हैं। यदि सबकुछ ठीक रहा तो अगस्त-सितंबर में मेट्रो ट्रेन पटरियों पर दौड़ने लगेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | पत्रिका | इंदौर | 12.04.2023 | 2 | पत्रिका इंदौर वॉइस के फेस्बुक ग्रुप पर मेट्रो ट्रैक का यह फोटो एमआर 10 ओर चंद्रगुप्त चोराहे के बीच का है। | Neutral |

पत्रिका

INDORE PRIME
इंदौर प्राइम

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice

पत्रिका. इंदौर, बुधवार, 12 अप्रैल 2023
इन आइकन से जुड़ी सामग्री पत्रिका इंदौर वॉइस फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, अपनी खबरें भी भेजें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन | खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
इंदौर की खबरें patrika.com/indore-news/ पर भी देखें

Date: 12/04/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

## पत्रिका ने कल आपसे पूछा था...पहचानिए आपके शहर में यह तस्वीर कहां की है?

**जवाब है** एमआर-10 मार्ग




***पत्रिका इंदौर वाइस के फेसबुक ग्रुप*** *पर मेट्रो ट्रैक का यह फोटो एमआर-10 ब्रिज और चंद्रगुप्त चौराहे के बीच का है। समीप ही आइएसबीटी से इसका शिलान्यास हुआ था। यह ट्रैक पटरी डालने के लिए तैयार किया जा रहा है।*

**फर्स्ट TOP 5 विनर**

असद मिर्जा





भारतेंदु विश्वकर्मा

विनोद कुमार मिश्रा





परेश झंवर

महेंद्र कुमार पाल



Date: 12/04/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | नई दुनिया | इंदौर | 13.04.2023 | 2 | साढ़े पाँच माह के बाद ट्रायल रन का लक्ष्य | Neutral |



# साढ़े पांच माह के बाद ट्रायल रन का लक्ष्य

## मेट्रो को रफ्तार देने की तैयारी, काउंटडाउन किया शुरू

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौरियों के सपने को पंख लगने वाले हैं। शहर में मेट्रो को रफ्तार देने के लिए जोर-शोर से तैयारी जारी है। सितंबर में होने वाले ट्रायल रन के लिए मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने काउंटडाउन शुरू कर दिया है। इसके अनुसार ट्रायल रन में करीब 170 दिन अर्थात साढ़े पांच माह बाकी हैं। इससे अब तेजी से काम हो रहे हैं। इतना ही नहीं सितंबर की इस समय-सीमा को अधिकारी अगस्त में ही पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारियों के अनुसार मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने वेबसाइट पर यह काउंटडाउन शुरू कर दिया है। इसमें रोजाना दिन कम किए जा रहे हैं। अगर इस अनुसार गणना की जाए तो शहर में 28 सितंबर को ट्रायल रन होगा। इसके लिए सुपर कारिडोर के 5.9 किलोमीटर के हिस्से पर तेजी से तैयारी की जा रही है।

यहां पर डक्ट बनाने के साथ-साथ डिपो का काम भी तेजी से चल रहा है। डिपो में पटरी बिछाना शुरू कर दी गई है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह इंदौर का दौरा कर यहां चल रहे कामों का निरीक्षण कर रहे हैं।



बापट चौराहे पर मेट्रो का तेजी से चल रहा काम। ● नईदुनिया

### आचार संहिता लगने से पहले दौड़ेगी मेट्रो

जानकारों के अनुसार इस साल के अंत में प्रदेश में विधानसभा चुनाव संभावित हैं, जिसके लिए एक से डेढ़ माह पहले आदर्श आचार संहिता लग जाएगी। इसको देखते हुए इस ट्रायल रन को जल्दी पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए बोगियां तो अगस्त के शुरुआत में ही इंदौर आ जाएंगी। इंदौर में तीन बोगियों की एक ट्रेन चलेगी। हालांकि इसके लिए सभी तैयारी की जाएगी। बाद में जैसे-जैसे ट्रैक बनता जाएगा, ट्रेन शुरू होती जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | पत्रिका | इंदौर | 13.04.2023 | 2 | प्रायोरीटी कॉरिडोर पर मेट्रो स्टेशन दिखने लगा | Neutral |

पत्रिका


इंदौर प्राइम INDOREPRIME

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice

पत्रिका. इंदौर, गुरुवार, 13 अप्रेल 2023
इन आइकन से जुड़ी सामग्री पत्रिका इंदौर वॉइस फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, अपनी खबरें भी भेजें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन | खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
इंदौर की खबरें patrika.com/indore-news/ पर भी देखें


फोटो स्टोरी स्टेशन कैसा है, आप भी देखिए-पहली स्पष्ट तस्वीर ...सुपर कॉरिडोर पर सितंबर में होगा ट्रायल रन, 5 किमी के ट्रैक पर आकार ले रहे 5 स्टेशन, पियर्स पर दिख रहा ट्रैक

# प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो स्टेशन दिखने लगा...

## बड़ा बांगड़दा मेट्रो स्टेशन

पत्रिका @ इंदौर. शहर में चुनावी बिगुल मेट्रो की पहली सिटी के साथ ही बजेगा, इसकी उम्मीद बढ़ती जा रही है। सुपर कॉरिडोर पर सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करने के लिए तैयारियां जोर-शोर से आगे बढ़ रही हैं। एयरपोर्ट रोड-गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर टीसीएस-आठ लेन आरोबी तक 6 किमी का ट्रैक जमीन से ऊपर पियर्स पर दिखने लगा है। इस ट्रैक पर गांधीनगर, गांधीनगर डिपो, सैफी नगर, बड़ा बांगडदा, टीसीएस और आरोबी सहित 5 स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है।



ड्रोन फोटोः राज जायसवाल

## यहां से नए व पुराने शहर की ओर जाना होगा आसान

कॉरिडोर के सबसे अहम चौराहे बड़ा बांगड़दा के समीप भी मेट्रो स्टेशन का आकार नजर आने लगा है। पाई गर्डर रखने के साथ ही स्टेशन की दोनों मंजिल का सिविल कार्य लगभग पूरा होने की स्थिति में है। पहला फ्लोर कांन्कोर स्तर का है। यात्री यहां से टिकट खरीदेंगे और खड़े रह सकेंगे। इससे ऊपर ट्रैक व प्लेटफॉर्म तैयार हो रहा है।

बड़ा बांगड़दा स्टेशन शहर के मध्य क्षेत्र राजबाड़ा को जोड़ने वाली एमआर-5 और सुपर कॉरिडोर जंक्शन पर बन रहा है। इस स्टेशन के आसपास तीन बड़े शैक्षणिक संस्थान चल रहे हैं। इंदौर विकास प्राधिकरण की टीपीसी-10 आवासीय स्कीम भी यहीं आकार लेगी। दूसरी ओर एमआर-5 के आसपास हो रही बसाहट रहेगी। यहां से नए शहर व पुराने शहर की ओर जाना आसान होगा।

Date: 13/04/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

# METRO NEWS

18th April ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | पत्रिका | Indore | 18.04.2023 | 04 | हमारी मेट्रो: मेहराब आकृति की रचना डेपो की खूबसूरती को लगा रही चार चाँद, लगभग 64 एकड़ मे बन रहा है | Neutral |

पत्रिका

## फोटो स्टोरी हमारी मेट्रो: मेहराब आकृति की रचना डिपो की खूबसूरती को लगा रही चारचांद, लगभग 64 एकड़ में बन रहा है




**पत्रिका @ इंदौर.** मेट्रो के ट्रायल रन 10 सितंबर के पहले किया जाना है। इसके लिए प्रायरिटी कॉरिडोर और मेट्रो डिपो का काम तेजी से चल रहा है। डिपो में ट्रायल ट्रैक के साथ ही इन्संपेक्शन यार्ड तैयार हो रहा है। इसकी मेहराब आकृति की रचना डिपो की खूबसूरती को चार चांद लगा रही है। यार्ड में मेट्रो रोजाना ट्रैक पर जाने से पहले इसके सेफ्टी ऑडिट से गुजरेगी। यह डिपो 64 एकड़ में बन रहा है। इसमें पहले फेज में 25 बोगी खड़ी रह सकेंगी।

**क्यूआर कोड** स्कैन कर मेट्रो से जुड़ी जानकारी दें।

Date: 18/04/2023, Edition: Indore City, Page: 4

Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | पत्रिका | इंदौर | 20.04.2023 | 02 | इंदौर में  सितंबर से पहले चलेगी मेट्रो | Neutral |

इंदौर प्राइम
INDOREPRIME



## इंदौर में सितंबर से पहले चलेगी मेट्रो

इंदौर. इंदौर-बुदनी रेल परियोजना पूरी करने व इंदौर-भोपाल मेट्रो के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का अनुरोध मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री से किया है। बुधवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री से मुलाकात में शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि सितंबर से पहले इंदौर-भोपाल में मेट्रो चलाने का लक्ष्य है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Free Press | Indore | 20.04.2023 | 02 | CM requests Railway Minister for early completion of city projects | Neutral |

INDORE CITY Pg-02
www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | APRIL 20, 2023

# Chouhan requests Railway Minister for early completion of city projects



## Seeks expert for Indore and Bhopal Metro Rail projects

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan met Railway Minister Ashwini Vaishnaw at Rail Bhavan in New Delhi on Wednesday and discussed various rail projects related to the city. He urged for early completion of railway projects and also sought railway experts for Indore and Bhopal Metro Rail Projects.

Chouhan requested Railway Minister to complete the Indore-Manmad and Indore-Dahod new rail line projects at the earliest. Along with this, he also assured that appropriate action would be taken by the state government regarding land acquisition for these projects. Chouhan said that the completion of these two link projects would help in further industrialisation of Indore, Pithampur and Dhar areas. He also requested to fulfil the long-standing demand of the Indore-Budhani rail project at the earliest.

Chouhan said that the State government has a target to run Metro in Indore and Bhopal cities before September this year and requested the minister to grant expert manpower in this regard.

MPMETRO

**METRO NEWS**
**23rd April ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Patrika | इंदौर | 23.04.2023 | 04 | 2031 में इंदौर-उज्जैन के बीच 83 हजार व पीथमपुर के लिए 1.68 लाख लोग आना-जाना करेगे | Neutral |

पत्रिका


पत्रिका {इंदौर प्राइम}
INDORE PRIME
SUNDAY
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice
पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
पत्रिका. इंदौर, रविवार, 23 अप्रेल 2023
इन आइकन से जुड़ी सामग्री **पत्रिका इंदौर वॉइस** फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, **अपनी खबरें** भी भेजें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन
खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
इंदौर की खबरें **patrika.com/indore-news/** पर भी देखें


**इसलिए रेपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम जरूरी**

# 2031 में इंदौर-उज्जैन के बीच 83 हजार व पीथमपुर के लिए 1.68 लाख लोग आना-जाना करेंगे

**पत्रिका @ इंदौर.** महानगर की ओर बढ़ रहे शहर के लिए शनिवार को कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों के समक्ष इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो के लिए किए गए फीजिविबिलिटी सर्वे की रिपोर्ट रख सुझाव मांगे गए हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने सर्वे के बाद इंदौर-उज्जैन-पीथमपुर के बीच रेपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम प्रस्तावित किया है।

**85** किमी का होगा पूरा कॉरिडोर, इंदौर उज्जैन 45 किमी, इंदौर-पीथमपुर- 34 किमी

**23** सितंबर को होगा इंदौर-मेट्रो का ट्रायल, अप्रेल 2024 में लोगों के लिए खुलेगा खोलेंगे प्रायरिटी कॉरिडोर

इंदौर-उज्जैन-पीथमपुर के बीच फिजिबिलिटी सर्वे की जानकारी भी दी गई, जनप्रतिनिधियों से मांगे सुझाव

## यह तीन ऑप्शन

1. महाकालेश्वर, सांवेर, लवकुश चौराहा तक लंबाई 45 किमी, लागत करीब 8900 करोड़ रुपए।
2. विजय नगर, राजेन्द्र नगर, महू से पीथमपुर तक लंबाई 34 किमी, लागत 6500 करोड़ रुपए।
3. महाकालेश्वर, लवकुश चौराहा, कलेक्टोरेट, महूनाका से पीथमपुर तक लंबाई 85 किमी, लागत 17000 करोड़ रुपए।

## प्रेजेंटेशन दिया



मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीषसिंह ने प्रस्तुतिकरण में बताया, डीएमआरसी ने अपनी रिपोर्ट में तीनों शहरों के बीच 2031 व 2055 में लोगों की रोज आवाजाही का सर्वे किया है। इसमें पता चला, 2031 में इंदौर-उज्जैन के बीच 83 हजार लोग रोज आना-जाना करेंगे। इंदौर पीथमपुर के बीच देखें तो यह संख्या 2031 में 1.68 लाख होगी। इंदौर-उज्जैन-पीथमपुर के बीच यह संख्या 4.51 लाख होगी। यह 2055 में सभी शहरों के लगभग दोगुले स्तर पर होगी। इसके लिए वर्तमान सिस्टम नाकाफी होंगे।



### मेट्रो प्रायरिटी कॉरिडोर का 71% काम पूरा

मेट्रो के प्रायरिटी कॉरिडोर गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर की भी समीक्षा की गई। प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय कुमार ने बताया, इसके तीनों स्तर पर काम जारी है। ट्रेक, डिपो और स्टेशन के काम तेजी से चल रहे हैं। एमडी ने बताया, 23 सिंतबर से पहले मेट्रो का ट्रायल रन करना है। प्रायरिटी कॉरिडोर का 71% काम पूरा हो चुका है। ओपन फाउंडेशन, सेगमेंट कॉस्टिंग और पाइलिंग के काम तेजी से चल रहे हैं। मई आखिर तक का लक्ष्य है।

फोटो: आशीष शर्मा


**केवल पत्रिका में**
क्विक रेस्पॉन्स कोड से
**रीडर्स कनेक्ट**
खबरें | समस्याएं | सुझाव
फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
**खबरों में इन 6 आइकन में से कोई भी दिखे तो...**
यानी आप इन खबरों से जुड़ी विस्तृत जानकारी/फोटो/वीडियो पत्रिका डिजिटल पर देख सकते हैं और पत्रिका को भेज भी सकते हैं।
**मुझे क्या करना होगा?**
सिटी पेजों के ऊपर दिया क्यूआर कोड मोबाइल से स्कैन करें। आप पत्रिका के फेसबुक ग्रुप से जुड़ जाएंगे। इसे जॉइन कर यहां पाएं विस्तृत खबरें/फोटो/वीडियो। आप भी पत्रिका को यह सब भेज सकते हैं।
**पत्रिका फेसबुक ग्रुप से जुड़ें**
facebook.com/groups/indorevoice
**अपने सुझाव वाट्सऐप करें**
**9057531532**
क्यूआर कोड स्कैन कर भेजें खबर, फोटो, वीडियो



Date: 23/04/2023, Edition: Indore City, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Patrika | इंदौर | 23.04.2023 | 05 | मेट्रो के अन्डरग्राउन्ड रूट पर लगी मुहर | Neutral |

पत्रिका

## जद्दोजहद के बाद बनी सहमति: टीआइ मॉल-हाई कोर्ट के बीच बनेगा ओपन कट

# मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर लगी मुहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** बड़ी जद्दोजहद के बाद मेट्रो का अंडरग्राउंड रूट पर मुहर लग गई। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की सहमति के बाद इस रूट पर जनप्रतिनिधि भी सहमत हो गए हैं। अब उम्मीद है, हमारी मेट्रो दिसंबर 2026 तक एयरपोर्ट से सुपर कॉरिडोर, पलासिया, राजबाड़ा होते हुए वापस एयरपोर्ट तक दौड़ने लगेगी। क्योंकि मामला अंडरग्राउंड ट्रैक को लेकर उलझा हुआ था। सहमति बनने के बाद अब अंडरग्राउंड रूट करीब 8 किमी का होगा। मेट्रो टीआइ माल और हाईकोर्ट के बीच से अंडर ग्राउंड हो कर सीधे एयरपोर्ट के सामने नजर आएगी। मेट्रो को रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट से अंडर ग्राउंड सब-वे ही जोड़ा जा रहा है।

शनिवार को मेट्रो एमडी मनीषसिंह ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष रूट प्रस्तुत करने से पहले ताई से विस्तार से चर्चा की। उनकी सहमति के बाद सांसद, महापौर व विधायकों को प्रस्तुतिकरण दिया। अतुल्य आइटी पार्क में दिए गए प्रस्तुतिकरण में अंडर ग्राउंड रूट के साथ ही पूरे 31 किमी के रिंग रूट की कार्य प्रगति बताई गई। एमडी ने बताया, इस रूट के बनने से इंदौर मेट्रो का बेसिक रूट तैयार हो जाएगा। इसके बाद इससे जोड़ कर अन्य रूट्स तैयार करने में मदद मिलेगी। राजबाड़ा मार्केट पूरे शहर की यूटिलिटी को मेट्रो के साथ जोड़ देगा।

शेष @ पेज 04



**यह होंगे 7 स्टेशन**

08 किमी का होगा रूट

18 मीटर नीचे चलेगी जमीन से

**1. इंदौर रेलवे स्टेशन:** यह एसपी ऑफिस और रीगल चौराहे के बीच बनेगा। इसे अंडरग्राउंड सब-वे से मुख्य स्टेशन व जीएसआइटीएस स्टेशन से जोड़ेंगे।

**2. राजबाड़ा-नगर निगम के पास:** यह स्टेशन सबसे बड़ा होगा। यहां कमर्शियल कॉम्प्लेक्स भी बनाएंगे। इसे एमजी रोड से जोड़ने के लिए छत्रियों के पास से सब-वे की योजना है।

**3. छोटे गणपति, मल्हारगंज:** यह स्टेशन लाल हॉस्पिटल के बगीचे के नीचे आकार लेगा। यहां खाली बगीचों में इन-आउट होंगे। यहां पर पार्किंग प्लान भी है।

**4. बड़ा गणपति:** यह स्टेशन एफसीआई गोदाम के यहां बनेगा।

**5. रामचंद्र नगर** स्टेशन पुलिस लाइन के पास होगा।

**6. कालानी नगर** स्टेशन होगा। यह बीएसएफ के मुख्यद्वारा के सामने होगा।

**7. एयरपोर्ट स्टेशन:** यह एयरपोर्ट के ठीक सामने होगा। यहां से मेट्रो गांधीनगर चौराहा होते हुए एलिवेटेड होगी।

**एमजी रोड व राजबाड़ा सुरक्षित:** सुमित्रा महाजन ने कहा, मेरा विरोध एमजी रोड को लेकर है। कॉर्पोरेशन में मेट्रो के रूट में तब्दीली करके एमजी रोड को सुरक्षित किया है। नया रूट पूरे मध्य शहर को अंडर ग्राउंड पार करेगा। प्रस्तावित रूट से पूरी तरह सहमति है।

Date: 23/04/2023, Edition: Indore City, Page: 5
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नई दुनिया | इंदौर | 23.04.2023 | 4 | उच्च न्यायालय से विमानतल तक पड़ेगी भूमिगत लाइन | Neutral |

# उच्च न्यायालय से विमानतल तक पड़ेगी भूमिगत लाइन

## इंदौर मेट्रो ● पीथमपुर-उज्जैन लाइन के लिए फिजिबिलिटी सर्वे पूरा, सितंबर में परीक्षण की तैयारी

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन इसी साल सितंबर में होगा। उच्च न्यायालय से लेकर एयरपोर्ट तक मेट्रो रेल लाइन भूमिगत रहेगी। आने वाले सिंहस्थ के मद्देनजर मेट्रो की लाइन को पीथमपुर से उज्जैन तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। शनिवार को जिले के दो अहम प्रोजेक्टों की प्रगति की समीक्षा और चर्चा के लिए अहम बैठक हुई। इसमें तमाम आला अधिकारियों के साथ मंत्री और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

अतुल्य आइटी पार्क में आयोजित बैठक में मेट्रो रेल कार्पोरेशन और एमपीआइडीसी के एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो के साथ इकानामिक कारिडोर और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के नए सेक्टर-7 को लेकर जानकारी दी। उन्होंने पीथमपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र में लैंड पूलिंग से लेकर विकास तक का ब्योरा पेश किया। इंदौर से सांवेर होकर उज्जैन तक और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारित करने तथा अलाइनमेंट के संबंध में जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी मांगे। सिंह ने कहा कि इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर माह में होगा। मेट्रो का कार्य तेज गति से जारी है। उच्च न्यायालय से लेकर एयरपोर्ट तक भूमिगत लाइन बिछाने पर विचार चल रहा है। बैठक में इस लाइन के अलाइनमेंट को परिवर्तित करने के संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहमति प्रदान की। बीते दिनों कोठारी मार्केट से लेकर अन्य तमाम क्षेत्रों के लोगों ने अलाइनमेंट को लेकर आपत्ति भी जताई थी। अब कहा जा रहा है कि इंदौर उच्च न्यायालय से मेट्रो जमीन के भीतर चलेगी। यह लाइन नगर निगम वर्कशाप से होती हुई छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर होते हुए एयरपोर्ट के आगे पहुंचेगी। इन मार्गों पर पांच स्टेशन बनाए जाएंगे।

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मेट्रो रेल का इंदौर से उज्जैन और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारीकरण अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में मुख्यमंत्री घोषणा कर चुके हैं। ऐसे में काम भी जल्द शुरू करना चाहिए। एमडी सिंह ने कहा कि इंदौर से उज्जैन मार्ग और पीथमपुर तक के मार्ग पर फिजिबिलिटी सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि इंदौर से उज्जैन मार्ग पर उज्जैन सहित सांवेर धरमपुरी, लवकुश चौराहा आदि जगहों पर स्टेशन बनाए जाना प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह पीथमपुर मार्ग के संबंध में भी चर्चा की गई।



मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि और अधिकारी। ● नईदुनिया

### मेट्रो से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति

सिलावट ने बताया कि इंदौर से उज्जैन मेट्रो होने से आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ में फायदा मिल सकता है। श्रद्धालुओं को उज्जैन तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पीथमपुर तक मेट्रो रेल होने से कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अन्य नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रस्तावित इकानामिक कारिडोर, स्मार्ट इंडस्ट्रीयल कारिडोर, फिनटेक सिटी तथा रेडिमेट गारमेंट पार्क के निर्माण से औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। विकास को नए पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे। लालवानी ने कहा कि वर्तमान जरूरत को देखते हुए लांड्री व्यवसायियों के लिये भी एक जगह उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश भी दिए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 14 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 23.04.2023 | 3 | अब हाई कोर्ट के पहले से एयरपोर्ट के आगे तक 9 किमी अन्डरग्राउन्ड होगी मेट्रो, ज्यादा तोडफोड की जरूरत नहीं | Neutral |

**इंदौर 23-04-2023**


# दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर ऐतिहासिक सफलता के 40 वर्ष भास्कर उत्सव

कुल 44 पेज, 22 पेज + एशिया अवॉर्ड 14 पेज + सिटी भास्कर 4 पेज + डीबी स्टार 4 पेज (निःशुल्क), मूल्य ₹ 7.00 | वर्ष 40, अंक 111, महानगर

इंदौर, रविवार 23 अप्रैल, 2023 वैशाख शुक्ल पक्ष-4, 2080


**बड़ा फैसला** • राजबाड़ा से 250 मीटर दूर से गुजरेगी मेट्रो, उज्जैन-पीथमपुर का प्लान मंजूर, जल्द शुरू होगा सर्वे

## अब हाई कोर्ट के पहले से एयरपोर्ट के आगे तक 9 किमी अंडर ग्राउंड होगी मेट्रो, ज्यादा तोड़फोड़ की जरूरत नहीं

भास्कर संवाददाता | इंदौर

अंततः मध्य क्षेत्र में मेट्रो का रूट और अलाइनमेंट फाइनल हो गया। शनिवार को अफसरों और जनप्रतिनिधियों की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। मेट्रो अब पलासिया के बाद हाई कोर्ट के पहले ही अंडर ग्राउंड होगी, जो बड़ा गणपति के बजाय एयरपोर्ट के आगे जाकर बाहर (एलिवेटेड) निकलेगी। शहर के मध्य करीब 9 किमी हिस्से में ट्रेन जमीन के 70 फीट नीचे 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मौजूदगी में रखे गए प्लान के अनुसार, राजबाड़ा व छत्रियों जैसी इमारतों पर असर न हो, इसलिए इनसे करीब 250 मीटर दूर से मेट्रो गुजारी जाएगी। रीगल टॉकीज के बजाय उसके सामने रानी सराय (डीसीपी दफ्तर) के पास अंडर ग्राउंड स्टेशन बनाएंगे।

### भास्कर Insight • नेता और व्यापारिक संगठनों के विरोध के बाद बदला प्लान


**पहले** • मेट्रो के प्रारंभिक प्रोजेक्ट के तहत ट्रेन रीगल टॉकीज के पास से अंडर ग्राउंड होकर बड़ा गणपति से एलिवेटेड होना थी। बाद में शहर के बीच में अंडर ग्राउंड के बजाय एलिवेटेड ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव आया। क्योंकि व्यापारिक संगठन विरोध कर रहे थे।

**अब** • एमजी रोड पर हाई कोर्ट के पहले से ही ट्रेन अंडर ग्राउंड हो जाएगी। पहला अंडर ग्राउंड स्टेशन रानी सराय पर बनेगा। यहां से ट्रेन नगर निगम, बड़ा गणपति, कालानी नगर होते हुए एयरपोर्ट के आगे जाएगी। 9 किमी अंडर ग्राउंड हिस्से में सात स्टेशन बनाए जाएंगे।

**असर** • शहर के मध्य क्षेत्र में ट्रेन रूट के अलाइनमेंट, अंडरग्राउंड या एलिवेटेड ट्रेन चलाने को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों, जन प्रतिनिधियों के मत अलग-अलग थे। कुछ स्थानों को लेकर विरोध भी था। अफसरों का दावा है कि नए प्लान से सभी पक्ष सहमत हैं। जन प्रतिनिधियों ने नए प्लान पर सहमति भी जता दी है।

### महाकाल मंदिर से इंदौर-पीथमपुर के बीच 85 किमी का मेट्रो प्लान

महाकाल मंदिर से इंदौर व पीथमपुर के बीच 85 किमी मेट्रो चलाएंगे। मंदिर से लवकुश चौराहे तक 49 किमी में 9 स्टेशन होंगे। यहां से मेट्रो मरीमाता, इमली बाजार, राजबाड़ा, महूनाका, राऊ, पीथमपुर जाएगी। मेट्रो के एमडी मनीष सिंह ने बताया, शहर में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितंबर में ट्रायल रन होगा। पलासिया तक के भी टेंडर हो गए हैं। बैठक में विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड़, आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा मौजूद थे।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Times of India | Indore | 23.04.2023 | 03 | Metro to run underground from Palasia to Airport | Neutral |

# Metro to run underground from Palasia to Airport

## 3 Underground Stations To Be Created

TIMES NEWS NETWORK

**Indore:** The Metro rail in Indore will run underground from Palasia to Airport with at least three underground stations to be created on the way to accommodate passenger movement without affecting the existing on-road traffic.

The details of underground route came to fore on Saturday when MP Metro Rail Corporation Ltd (MPMRCL) MD Manish Singh held discussions with public representatives on the proposed Phase-1 route and alignment of the metro rail.

"The Metro rail will move overground from Super Corridor, through MR10, Radisson Square, Bengali Square to Palasia. We plan to have an underground station at Palasia Square," Singh told reporters.

"The underground route will move from Palasia to Regal Square, where another underground station is planned near DIG office," he said adding the metro rail route will remain underground from Regal square – will deviate slightly under MG road – and land at another underground station near IMC office.

### NO DEMOLITION

Singh said that the MPMRCL plans to move the tracks under the Kahn river, pass Rajwada at 250 meter distance underground and land at another underground station around Chhota Ganpati temple near Malharganj police station. "No shifting or demolition is required in this area," he said.

Another station will be created underground at the warehousing corporation land near Bada Ganapati. The Metro rail track will move underground at Ramchandra Nagar, Kalani Nagar till the airport. Then an overground station will be created at Gandhi Nagar – the start of the Super Corridor.

"We will carry out soil testing and other detailed investigation," Singh said adding he has received positive response from the public representatives about the proposed plan.

The officials apprised the meeting participants that the test track was being laid at Gandhi Nagar depot. The work of track laying in the viaduct will start soon.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Free Press | Indore | 23.04.2023 | 05 | Metro Rail to go underground between Palasia and Airport | Neutral |

THE FREE PRESS JOURNAL SINCE 1928 www.freepressjournal.in

MAJOR CHANGES IN METRO PROJECT

# Metro Rail to go underground between Palasia and Airport

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

In a major change in the plans of the Indore Metro Rail project, it has now been decided that the Metro will run underground from Palasia Station to Gandhi Nagar Metro Station (Airport).

"The new plan differs vastly from the old one where the Metro was supposed to run from Palasia to Gandhi Nagar over the ground. The new plan has been accepted in the meeting," said MPMRCL MD Manish Singh.

The changes were decided at a meeting on the Metro project held on Saturday where Manish Singh gave a presentation of the new plan before MP Shankar Lalwani, ministers, local MLAs and other senior officials.

"We have planned that from MR 10 to Robot and then onto Palasia, the Metro track will be over ground and then it will go underground," Singh said.

Changes have also been made in some of the locations of the Metro stations.

"As per the discussion, there will be an underground Metro station at Regal Square. The track will go underground from Shastri Bridge towards MG Road. There will be another underground station where the IMC workshop is situated at present," he added.

"The Metro will pass 250 meters away from the Rajwada Palace so that the historic Rajwada Palace and other heritage buildings do not get damaged," Singh added.



## INDORE WILL REACH NEW HEIGHTS

The expansion of Metro is very important for the future. Construction of the proposed Economic Corridor, Smart Industrial Corridor, Fintech City and Readymade Garment Park will give a new thrust to the industrial development of Indore.

**Shankar Lalwani**
MEMBER OF PARLIAMENT
INDORE CONSTITUENCY

## BENEFICIAL FOR SIMHASTHA 2028

Having a Metro from Indore to Ujjain would benefit devotees during Simhastha 2028. Metro connectivity to Pithampur will directly benefit the employees, students and other citizens.

**Tulsi Silawat**
WATER RESOURCES MINISTER

## Metro connectivity to Ujjain and Pithampur discussed

In the meeting, water resources minister Tulsi Silawat said that the expansion of Metro from Indore to Ujjain and from Indore to Pithampur is very important. In this regard, work should be started soon, he said. Officials said they are studying the feasibility of the Metro route from Indore to Ujjain and Pithampur. On the Indore-Ujjain route, stations have been proposed at Ujjain, Sanwer Dharampuri, Lavkush Square and other places. Similarly, a discussion was also held regarding the Pithampur route.

## TRACK UNDER KAHN RIVER

Singh said that from the IMC workshop station, the track will go towards Malharganj for which the Metro line will go underground below the Kahn river. There will be one station near Malharganj Police Station which will be underground. Another underground station will be near Bada Ganpati and the Metro will continue to remain underground and will pass through Kalani Nagar to Airport Metro Station.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | प्र ातन्त्र | इंदौर | 23.04.2023 | J1 | उज्जैन से पीथमपुर तक चलेगी मेट्रो इंदौर बनेगा मेट्रोपोलिटन शहर | Neutral |


# प्रजातंत्र

इंदौर, भोपाल, उज्जैन और धार से एक साथ प्रकाशित

रविवार

इंदौर, 23 अप्रैल, 2023

वर्ष 05, अंक 195 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 2080|

कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य : ₹ 5.00

www.prajaatantra.com facebook.com/prajaatantranews instagram.com/prajaatantra youtube.com/prajaatantra


### 85 किलोमीटर के क्षेत्र में बदल जाएगी व्यापार,शिक्षा, उद्योग और रोजगार तस्वीर

- दिल्ली मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया रोड मैप, पूरे प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे 30 हजार करोड़
- पहले चरण के अंतर्गत 2028 तक इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने का लक्ष्य

# उज्जैन से पीथमपुर तक चलेगी मेट्रो इंदौर बनेगा मेट्रोपोलिटन शहर

शैलेन्द्र वर्मा | इंदौर

इंदौर शहर के मेट्रो प्रोजेक्ट को अब उपनगरीय मेट्रो प्रोजेक्ट से जोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इसके लिए उज्जैन इंदौर पीथमपुर मेट्रो रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की योजना बनाई है, जिससे इंदौर एक मेट्रोपोलिटन शहर के रूप में विकसित होगा। उज्जैन के महाकाल लोक से पीथमपुर के आइशर चौराहे तक मेट्रो चलेगी। 85 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट का फायदा लगभग 50 लाख लोगों को होगा। यह तेज, आरामदायक, किफायती और ग्रीन लोक परिवहन लाखों लोगों जिंदगी में आश्चर्य जनक बदलवा लाएगा।

दूरियां कम होने व्यापारिक संभावनाएं तेजी बढ़ेगी। इसका प्रभाव लोगों आर्थिक स्तर में सुधार के रूप में सामने आएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर मेट्रो रेल से उज्जैन और पीथमपुर को जोड़ने की घोषणा की थी जिसको पूरा करने करने के लिए मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन काम करना शुरू कर दिया है।

### महाकाल लोक से नानाखेड़ा तक अंडर ग्राउंड मेट्रो

एमपीएमआरसीएल के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर मेट्रो रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन शनिवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने दिया। उन्होंने बताया कि उज्जैन के महाकाल लोक की पार्किंग से इस कॉरिडोर की शुरुआत होगी जिसके तहत नाना खेड़ा बस स्टैंड, सांवेर, धर्मपुरी, लवकुश चौराहा, मरीमाता, कृष्णपुरा छत्री मोती तबेला, कलेक्टर चौराहा, महूनाका, अन्नपूर्णा, राजेन्द्र नगर राउ महू होते हुए पीथमपुर के आइशर चौराहे तक पहुंचेगा। यह योजना लगभग 85 किलोमीटर की है, जिसकी डीपीआर लगभग 30 हजार करोड़ की बनेगी। पहले चरण में महाकाल लोक से इंदौर के लव-कुश चौराहे को जोड़ा जाएगा। इसकी समयावधि 2028 तय की गई है। उज्जैन महाकाल लोक से नाना खेड़ा बस स्टैंड तक मेट्रो अंडर ग्राउंड होगी। यहां से लव-कुश चौराहे तक एलिवेटेड ट्रैक बनेगा।



### हाईकोर्ट से एयरपोर्ट तक 70 से 120 फीट नीचे चलेगी मेट्रो

दूसरा बड़ा निर्णय जनप्रतिनिधियों की सहमति से इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट पर लिया गया है। अब हाईकोर्ट से एयरपोर्ट तक लगभग 9 किलोमीटर के दायरे में मेट्रो अंडर ग्राउंड बनेगी। इस क्षेत्र में अधिक टूट-फूट होने कारण मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अलाइमेंट बदला है। जमीन के अन्दर 70 से 120 फीट अंदर मेट्रो ट्रैक और स्टेशन बनाए जाएंगे। रेल स्टेशन, कान्ह नदी, राजवाड़ा, मल्हारगंज बड़ा गणपति, कालानी नगर होते हुए एयरपोर्ट तक मेट्रो अंडरग्राउंड चलेगी। एमडी मनीष सिंह ने बताया कि 17.5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर अप्रैल 2024 में इंदौरवासी यात्रा कर सकेंगे। 5 सितम्बर 2023 को मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का ट्रायल रन लिया जाएगा।

**50 हजार**
औसतन लोग प्रतिदिन उज्जैन-इंदौर अप-डाउन करते हैं

**50 हजार**
पर्यटक प्रतिदिन उज्जैन-इंदौर और ओंकारेश्वर जाते हैं

**02 लाख**
से अधिक लोग रोज करते हैं लोक परिवहन का उपयोग

**15 हजार**
औसतन लोग रोज मप्र के शहरों से व्यापार के लिए इंदौर आते हैं

### कहां से आएगा पैसा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पर्यटन को बढ़ावा देने के पक्ष में हैं, केंद्र से 50 प्रतिशत राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री चाहते हैं, सिंहस्थ 2028 में वैकल्पिक परिवहन मेट्रो है, इसलिए स्टेट पैसा देगा।
- इंदौर के अंडर ग्राउंड प्रोजेक्ट में दिल्ली डीएमआर के अधिकारियों और विदेशी कम्पनी सलाहरकारों को जोड़ा गया है।

### जनप्रतिनिधियों के सुझाव

**सांसद शंकर लालवानी**
मेट्रो स्टेशन की कनेक्टिविटी इंदौर रेलवे स्टेशन से होना चाहिए ताकि यात्रियों को मेट्रो लाभ मिल सके।

**मंत्री तुलसी सिलावट**
उज्जैन-महू के जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव लेना चाहिए, उज्जैन में स्टेशन और महू को जोड़ने पर विचार होना चाहिए।

**जयपाल सिंह चावड़ा**
गांधी नगर में इंटरनेशल कंवेशन सेंटर से मेट्रो जोड़ें

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव**
रीगल टॉकीज वाली जमीन पार्किंग के लिए देने पर सहमति बनाएंगे।

**विधायक मालिनी गौड़**
शहरवासियों को होगा फायदा, अंडर ग्राउंड प्रोजेक्ट से तोड़-फोड़ कम होगी।

*बैठक में रमेश मेंदोला, मधु वर्मा व अन्य ने भी सुझाव दिए।*

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | नवभारत | इंदौर | 23.04.2023 | 04 | सितंबर माह मे हो जाएगा ट्रायल रन | Neutral |

# सितंबर माह में हो जाएगा मेट्रो का ट्रायल रन

## मेट्रो की प्रगति और विस्तारीकरण के संबंध में बैठक सम्पन्न



इंदौर. जिले में औद्योगिक विकास के प्रोजेक्ट एवं इंदौर मेट्रो की प्रगति के संबंध में आज अतुल्य आईटी पार्क में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई. इस बैठक में औद्योगिक विकास तथा एरिया, डेवलपमेंट स्कीम के तहत प्रक्रियाधीन दो प्रमुख प्रोजेक्ट इकॉनामिक कॉरिडोर और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-7 में विकसित किये जाने वाले स्मार्ट इंडस्ट्रीयल पार्क और मेट्रो की प्रगति तथा इसे इंदौर से सांवेर होकर उज्जैन तक और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारित करने तथा अलायमेंट के संबंध में चर्चा की गई.

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, अनुसुचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़ तथा महेन्द्र हार्डिया, पूर्व विधायक मनोज पटेल, सुदर्शन गुप्ता तथा राजेश सोनकर, गौरव रणदिवे तथा मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक मनीष सिंह, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक रोहन सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

बैठक में प्रबंध संचालक मनीषसिंह ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप मेट्रो रेल के निर्माणकार्य द्रुत गति से चल रहे हैं और प्रायोरीटी कॉरिडर के अंतर्गत इसी वर्ष सितंबर माह में मेट्रो का ट्रायल रन हो जाएगा. प्रबंध संचालक ने मेट्रो के संबंध में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई. मेट्रो का कार्य तेज गति से जारी है. बैठक में हाई कोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक भूमिगत लाइन बिछाने के संबंध में चर्चा की गई. बैठक में इस लाइन के अलायमेंट को परिवर्तित करने के संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहमति प्रदान की. बताया गया कि यह मेट्रो इंदौर हाई कोर्ट से भूमिगत प्रारंभ होगी. यह नगर निगम वर्कशॉप से होती हुई छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर होते हुये एयरपोर्ट के आगे पहुंचेगी. इन मार्गों पर पांच स्टेशन बनाये जाने की जानकारी दी गई.

### उज्जैन और पीथमपुर तक विस्तारीकरण जरूरी : सिलावट

बैठक में मंत्री सिलावट ने कहा कि मेट्रो का इंदौर से उज्जैन और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारीकरण अत्यंत जरूरी है. इस संबंध में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शीघ्र कार्य प्रारंभ किये जाये. प्रबंध संचालक ने सदस्यों को इंदौर-उज्जैन रूट एवं फीजेबिलिटी स्टडी के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं सबके सुझाव मांगे. इंदौर से उज्जैन मार्ग और पीथमपुर तक के मार्ग के बारे में बताया गया कि फिजिबिलिटी सर्वे का कार्य पूरा हो गया है. इंदौर से उज्जैन मार्ग पर उज्जैन सहित सांवेर धरमपुरी, लवकुश चौराहा आदि जगहों पर स्टेशन बनाये जाना प्रस्तावित किया गया है. इसी तरह पीथमपुर मार्ग के संबंध में भी चर्चा की गई. श्री सिलावट ने बताया कि इंदौर से उज्जैन मेट्रो होने से आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ में फायदा मिल सकता है. श्रद्धालुओं को उज्जैन तक पहुंचने में मदद मिलेगी. पीथमपुर तक मेट्रो होने से कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अन्य नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा.

### इंदौर की जीवन रेखा बनेगी : सांसद

सांसद लालवानी ने कहा कि मेट्रो इंदौर की जीवन रेखा बनेगी. मेट्रो का विस्तारीकरण वर्तमान समय और भविष्य के लिये बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा की प्रस्तावित इकोनॉमिक कॉरिडोर, स्मार्ट इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर, फिनटेक सिटी तथा रेडिमेट गारमेंट पार्क के निर्माण से औद्योगिक विकास को नयी गति मिलेगी. विकास को नये पंख लगेंगे. उन्होंने कहा कि इससे लाखों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे. लालवानी ने कहा कि वर्तमान जरूरत को देखते हुये लांड्री व्यवसायियों के लिये भी एक जगह उपलब्ध कराने की आवश्यकता है. उन्होंने इसके लिये जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश भी दिये.

### प्रगति की जानकारी दी

बैठक में एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने औद्योगिक विकास तथा एरिया, डेवलपमेंट स्कीम के तहत प्रक्रियाधीन दो प्रमुख प्रोजेक्ट इकॉनामिक कॉरिडोर और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-7 में विकसित किये जाने वाले स्मार्ट इंडस्ट्रीयल पार्क और मेट्रो की प्रगति तथा इसे इंदौर से सांवेर होकर उज्जैन तक और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारित करने तथा अलायमेंट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पीपल्स समाचार | इंदौर | 23.04.2023 | 03 | मेट्रो रूट के अप्रोच रोड हुए खतरनाक, मुश्किल हो रही आवाजाही | Neutral |

**दावा : सितंबर-2023 में इंदौर मेट्रो का होगा ड्राई रन, कार्य को और मिलेगी रफ्तार**

# इंदौर-उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर तक मेट्रो का होगा विस्तार, सिंहस्थ में मिलेगा फायदा

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9993777268

जिले में औद्योगिक विकास के प्रोजेक्ट एवं इंदौर मेट्रो की प्रगति के संबंध में शनिवार को यहां अतुल्य आईटी पार्क में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने मुख्यतः औद्योगिक विकास, एरिया, डेवलपमेंट स्कीम के तहत प्रक्रियाधीन दो प्रमुख प्रोजेक्ट पर चर्चा की। इनमें इकोनॉमिक कॉरिडोर और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-7 में विकसित किए जाने वाले स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके साथ मेट्रो की प्रगति तथा इसे इंदौर से सांवेर होकर उज्जैन तक और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारित करने और अलायमेंट के संबंध में चर्चा की गई।



### 2028 सिंहस्थ है लक्ष्य

इंदौर से उज्जैन मेट्रो होने से आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ में फायदा मिल सकता है। श्रद्धालुओं को उज्जैन तक पहुंचने में मदद मिलेगी। पीथमपुर तक मेट्रो होने से कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अन्य नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

**-तुलसीराम सिलावट,**
जल संसाधन मंत्री

### बैठक में ये हुए शामिल

बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़ तथा महेंद्र हार्डिया, पूर्व विधायक मनोज पटेल, सुदर्शन गुप्ता, राजेश सोनकर, गौरव रणदिवे तथा मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक मनीष सिंह, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक रोहन सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### भूमिगत मेट्रो मार्ग पर हुई चर्चा

बैठक में मेट्रो के संबंध में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। बताया गया कि इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में होगा। मेट्रो का कार्य तेज गति से जारी है। बैठक में हाईकोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक भूमिगत लाइन बिछाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में इस लाइन के अलायमेंट को परिवर्तित करने के संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहमति प्रदान की। बताया गया कि यह मेट्रो इंदौर हाईकोर्ट से भूमिगत प्रारंभ होगी। यह नगर निगम वर्कशॉप से होती हुई छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर होते हुए एयरपोर्ट के आगे पहुंचेगी। इन मार्गों पर पांच स्टेशन बनाये जाने की जानकारी दी गई।

### फिजिबिलिटी सर्वे कार्य हुआ पूरा

शनिवार को आयोजित बैठक में मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मेट्रो का इंदौर से उज्जैन और इंदौर से पीथमपुर तक विस्तारीकरण अत्यंत जरूरी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप इंदौर से उज्जैन मार्ग और पीथमपुर तक के मार्ग के बारे में जानकारी साझा की गई है। प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर बताया गया कि फिजिबिलिटी सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। इंदौर से उज्जैन मार्ग पर उज्जैन सहित सांवेर धरमपुरी, लवकुश चौराहा आदि जगहों पर स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह पीथमपुर मार्ग के संबंध में भी चर्चा की गई।


### इंदौर की जीवन रेखा बनेगी मेट्रो

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मेट्रो इंदौर की जीवन रेखा बनेगी। मेट्रो का विस्तारीकरण वर्तमान समय और भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित इकोनॉमिक कॉरिडोर, स्मार्ट इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, फिनटेक सिटी तथा रेडीमेड गारमेंट पार्क के निर्माण से औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। विकास को नये पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि इससे लाखों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। लालवानी ने कहा कि वर्तमान जरूरत को देखते हुए लांड्री व्यवसायियों के लिए भी एक जगह उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश भी दिए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Times of India | Indore | 28.04.2023 | 3 | Metro... On the track | Positive |

# METRO ... ON THE TRACK

Pravin Barnale



Construction work of Metro rail from Super Corridor to MR-10 is in full swing